# आठ महीने में लगीं 6.29 लाख नई इकाइयां, 39 लाख को रोजगार

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। इस वर्ष जनवरी से छह सितंबर के बीच उद्यम रजिस्ट्रेशन के अनुसार 6.29 लाख एमएसएमई इकाइयों की स्थापना हुई है। इससे करीब 39 लाख रोजगार का सृजन हुआ। औद्योगिक विकास विभाग के तहत वर्ष 2022-23 में 269 इकाइयों में 47,916 लोगों को रोजगार मिला। वैश्विक निवेशक सम्मेलन में निवेश प्रस्ताव 38.50 लाख करोड़ से अधिक पहुंच गया है। 13 लाख करोड़ के भूमि पूजन समारोह लक्ष्य की तुलना में अब तक सात लाख करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव तैयार हैं।

वैश्विक निवेशक सम्मेलन-1 में 4.28 लाख करोड़ के एमओयू हुए थे। उनमें से 1,28,625 करोड़ की परियोजनाएं शुरू हो चुकी हैं। यह कहना है औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी का। वे विधानमंडल के शीतकालीन सत्र के पहले दिन विधान परिषद सदस्य डॉ. मान सिंह यादव एवं आशुतोष सिन्हा द्वारा पूछे गए प्रश्नों का जवाब दे रहे थे।

एमएलसी डॉ. मान सिंह यादव ने पूछा था कि प्रदेश में एक जनवरी से आजतक कितने लोगों को रोजगार मिला है। ऐसे ही एमएलसी आशुतोष सिन्हा ने पूछा था कि वैश्विक निवेश सम्मेलन 1 और 2 में किन कंपनियों के कितने निवेश आए। निवेश के लिए किन बैंकों से कितने रुपयों का लोन दिया गया।

### वैश्विक निवेशक सम्मेलन-1 के एक चौथाई एमओयू धरातल पर

### विधानपरिषद में नंदी ने दिया औद्योगिक विकास से जुड़े सवाल का जवाब

नंदी ने बताया कि 2018 में हुए वैश्विक निवेश सम्मेलन के दौरान 4.28 लाख करोड़ के एमओयू हुए थे। जिसके सापेक्ष 1,28,625 करोड़ की कुल 843 परियोजनाओं का संचालन शुरू हो चुका है। फरवरी 2023 में 33.50 लाख करोड़ के एमओयू पर हस्ताक्षर हुए, जो अब बढ़कर 38.50 लाख करोड़ हो चुके हैं। निवेश के वास्तविक आंकड़े भूमि पूजन समारोह के बाद ही प्राप्त हो सकेंगे। कहा, बैंकों द्वारा कंपनियों को दिए गए ऋण के संबंध में प्रदेश सरकार कोई डाटा नहीं रखती है।